Rare Dementia Support
Advice Community Learning

रेयर डिमेंशिया का विवरण...

अधिक जानकारी के लिए www.raredementiasupport.org पर जाएं।

फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया (FTD)

डिमेंशिया का एक समूह है जो दिमाग के सामने या किनारों को नुकसान के कारण मुख्य रूप से व्यक्तित्व और व्यवहार या बोली और बोलचाल को प्रभावित करता है। व्यवहार वाले डिमेंशिया को **बिहेवियरल फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया** या bvFTD कहा जाता है।

इसके छह मुख्य लक्षण हैं • **मुँहफट होना** • **उत्साह की कमी** • **जुनूनी और ज़िद्दी हो जाना** • **भूख में बदलाव** • **संवेदनहीन हो जाना** • **योजना बनाने, समस्या का समाधान निकालने और निर्णय लेने में कठिनाइयाँ**

बोलचाल से जुड़े डिमेंशिया को **प्राइम प्रोग्रेसिव अफेजिया** या PPA कहा जाता है।

फ़ैमिलियल फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया (fFTD)

फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया से पीड़ित लगभग 30-40% लोगों में, इस बीमारी का पारिवारिक इतिहास होता है और यह जेनेटिक कारणों से होती है - हम इसे फ़ैमिलियल FTD (fFTD) कहते हैं। FTD के विभिन्न रूपों में से, व्यवहारिक डिमेंशिया जेनेटिकली सबसे ज़्यादा होता है। प्राइमरी प्रोग्रेसिव अफेजिया, और खासतौर पर प्रोग्रेसिवसाफ़ ना बोल पाने वाला अफेजिया भी वंशानुगत हो सकता है और यह परिवारों में चलता रहता है पर यह बहुत ही रेयर है।



प्राइमरी प्रोग्रेसिव अफेजिया (PPA)

डिमेंशिया के एक समूह को दर्शाता है जो किसी व्यक्ति की बातचीत और बोलने के ढंग को प्रभावित करता है।

इसके तीन मुख्य रूप हैं • **प्रोग्रेसिव** साफ़ ना बोल पाने वाला अफेजिया बातचीत करने या वाक्य बनाने में समस्या आना • **सिमेंटिक डिमेंशिया** शब्दों के अर्थ को समझने में दिक्कत पैदा करता है • **लोगोपेनिक प्रोग्रेसिव अफेजिया** से सही शब्द बोलने में परेशानी आती है

contact@raredementiasupport.org

Images ©2024 Alzheimer's Associa5on. www.alz.org. All rights reserved. Illustra5ons by Stacy Jannis.

पोस्टीरियर कॉर्टिकल एट्रोफी (PCA)

यह डिमेंशिया का एक रेयर रूप है जो शुरुआत में दिमाग के पिछले हिस्से में सिकुड़न के कारण (आँखों की दृष्टि नहीं, दिमागी दृष्टि) ना देख पाने की समस्या का कारण बन सकता है।

इसके लक्षण हैं • **क्या है और कहाँ है देखने में दृष्टि और जगह से जुड़ी समस्याएं** • **गणना, वर्तनी और लेखन में कठिनाइयां** • **सुनने और महसूस करने में परेशानी होना कि चीज़ें कहाँ हैं**

प्रारंभिक समस्याओं में शामिल हैं: **पढ़ते समय खो जाना** • **ड्राइविंग औ रपार्किंग में समस्याएं** • **काम पर ढंग से देखने में समस्याएं**



फ़ैमिलियल अल्जाइमर डिज़ीज़ (FAD)

अल्जाइमर रोग का वंशानुगत रूप है। यह एक जेनेटिकल दोष के कारण होता है जो परिवारों में चलती आ रही है। FAD वाले मरीज़ों में आमतौर पर 65 वर्ष की उम्र से पहले लक्षण दिखाई देने लगते हैं, आमतौर पर जब वे 40 या 50 साल के होते हैं तब। FAD के शुरुआती लक्षण आमतौर पर सामान्य अल्जाइमर रोग के समान होते हैं –खासतौर पर याददाश्त खो देना।

यंग ऑनसेट अल्जाइमर डिज़ीज़ (YOAD)

हालाँकि इसे आमतौर पर वृद्ध लोगों की बीमारी माना जाता है, अल्जाइमर रोग से पीड़ित लगभग 5% लोग 65 वर्ष से कम उम्र के होते हैं। इसे यंग ऑनसेट अल्जाइमर कहा जाता है। यह आमतौर पर 40, 50 और 60 की उम्र के लोगों को होता है।

अधिकांश मामलों में यह आनुवांशिक नहीं होता है। YOAD के मरीज़ों में खासतौर पर बोलने में परेशानी, धारणा या व्यवहार परिवर्तन के साथ-साथ याददाश्त चले जाने की भी अधिक संभावना होती है।

लेवी बॉडी डिमेंशिया (LBD)

एक विस्तृत शब्द जिसमें लेवी बॉडीज़ वाला डिमेंशिया और पार्किंसंस डिजीज डिमेंशिया शामिल है।

इसके मुख्य लक्षण हैं • **सोचने-समझने की शक्ति में परिवर्तन, खासतौर पर दृष्टि संबंधी समस्या** • **सोच और याददाश्त में उतार-चढ़ाव (समस्याएं दिन-प्रतिदिन या फिर घंटे दर घंटे में बदलती है)** • **विजुअल मतिभ्रम (ऐसी चीज़ें देखना जो हैं ही नहीं)** • **चलने-फिरने में परिवर्तन जैसे धीमापन, अकड़न और गिर जाना** • स्लीपिंग डिसॉर्डर जिसमें आप नींद में हाथ-पैर चलाने लगते हैं

contact@raredementiasupport.org

Images ©2024 Alzheimer's Associa5on. www.alz.org. All rights reserved. Illustra5ons by Stacy Jannis.